# कजरी तीज पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

- एसपी ने मेला ड्यूटी में लगे जवानों को किया ब्रीफ



**भिनगा श्रावस्ती।** कजरी तीज पर्व को लेकर श्रावस्ती पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद कर ली है। 14 सितंबर को सिरसिया क्षेत्र स्थित बाबा विभूतिनाथ मंदिर में होने वाले जलाभिषेक को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने रविवार को मेला ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ किया। उन्होंने सभी को अपने निर्धारित स्थान पर पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने जनपदीय नियंत्रण कक्ष और स्थानीय खुफिया इकाई को सक्रिय रहने तथा सामाजिक माध्यमों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को टीम के साथ निर्धारित स्थान पर सभी जरूरी संसाधनों के साथ मौजूद रहने को कहा गया है।

मेले के प्रभारी अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह तथा सहायक अधिकारी क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान होंगे। मेला क्षेत्र को तीन जोन, सात सेक्टर और 20 बैरियर में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए 14 पार्किंग स्थल, चार निगरानी मीनार, दो प्रवेश नियंत्रण दल, तीन अस्थायी पुलिस चौकियां, 14 मोबाइल दल, दो त्वरित कार्रवाई दल, 11 पिकेट और दो अग्निशमन वाहन लगाए गए हैं। त्वरित कार्रवाई के लिए डेढ़ सेक्शन बाढ़ कंपनी पीएसी और दो प्लाटून पीएसी की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था में श्रावस्ती और बाहरी जनपदों के 22 निरीक्षक व थानाध्यक्ष, 124 पुरुष उपनिरीक्षक, आठ महिला उपनिरीक्षक, 392 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 92 महिला आरक्षी तथा 12 होमगार्ड शामिल हैं। पुलिस की ड्यूटी दो पालियों में लगाई गई है। जवान दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। पूरे मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो दल सक्रिय रहेगा। जंगल से सटे मेला क्षेत्र में जंगली जानवरों से बचाव के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ब्रीफिंग के बाद पुलिस अधीक्षक ने मेला परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह, क्षेत्राधिकारी तथा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी मौजूद रहे।